रविवासरीय
हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

**PAGE NO.- 05 : MIDDLE**

# एसआरएमएस ने जीता फाइनल मैच

**बरेली, संवाददाता।** शकुंतला देवी मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट लीग का खिताब पर एसआरएमएस ने कब्जा जमाया। शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में आईकि नेक्स्ट जेन की टीम को एसआरएमएस ने करारी शिकस्त दी।

निशांत पटेल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में आईकि नेक्स्ट जेन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस ने 20 ओवरों में मात्र 4 विकेट खोकर 211 रन बनाए। यशु प्रधान ने 33 गेंदों में 65 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईकि नेक्स्ट जेन के आकिब अंसारी की 75 व आर्यन चौधरी की 55 रन की पारियों के बाद भी एसआरएमएस ने मुकाबला 4 रनों से जीत लिया। यशु प्रधान को 407 रन बनाने पर मैन ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से नवाजा गया। संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव ने टीमों को पुरस्कृत किया। डॉ सौरभ कुमार अग्रवाल, डॉ विनोद पागरानी, प्रशांत पटेल, डॉ.एमएल मौर्या, संजीव सक्सेना, राजेश अग्रवाल जॉली, राजेश अग्रवाल, वाईसी सक्सेना, प्रत्युश पांडेय, डॉ.मनोज कांडपाल आदि रहे।



क्रिकेट लीग जीतने के बाद खुशी मनाती विजेता टीम।